# कुछ तथ्य

- देश में मात्र 0.17 प्रतिशत जलमार्ग का उपयोग होता है।
- जलमार्ग प्राधिकरण का मानना है कि नदियों के माध्यम से 5200 किलोमीटर तथा नहरों के माध्यम से 4000 किलोमीटर की यात्रा संभव है।
- 37 हजार किलोमीटर जलमार्गों से यूरोप के अधिकांश शहर जुड़े हुए हैं।
- चीन इस समय एक लाख दस हजार किलोमीटर जलमार्ग का उपयोग कर रहा है।
- फ्रांसीसी विचारक रेने गिरार्ड ने अनुकरण की इच्छा को लेकर, जिसे उन्होंने (मीमेटिक डिज़ायर) कहा है, सामाजिक जीवन की एक रोचक व्याख्या दी है। उनके अनुसार दूसरों का अनुकरण केवल ऊपरी व्यवहार तक सीमित न रहकर दूसरों की इच्छाओं और आकांक्षाओं के अनुरण तक जा पहुँचती है। और इसका परिणाम होता है-प्रतिस्पर्धा और संघर्ष। गिरार्ड के अनुसार दो व्यक्ति, दो समुदाय या दो देश किसी वस्तुत को पाने की समान इच्छा रखने के कारण ही आपसी संघर्ष में भिड़ जाते हैं।
- सन् 2010 में अश्विनी पाण्डेय और अमरीकी प्रोफेसर थामस विस्कॉफ द्वारा रेलवे में किये गये एक अध्ययन में पाया गया था कि आरक्षण से संस्था की दक्षता पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ता है। सर्वेक्षण के अनुसार इसके विपरीत आरक्षण रेलवे में उत्पादकता और दक्षता बढ़ाने में सहायक बना है।
- अन्तरराष्ट्रीय रोबोटिक्स महासंघ के अनुमान के अनुसार सेवा एवं विनिर्माण के क्षेत्र में 65 प्रतिशत रोजगार के सामने स्वचालन (आटोमेशन) का खतरा है।
- अर्थशास्त्री डानी रोट्रिक ने बताया है कि भारत प्रीमेच्योर डी-इन्डस्ट्रियलाइजेशन (अपरिपक्व विऔद्योगिकरण) में अपनी विशिष्ट स्थिति नहीं रखता। इस स्थिति में सेवा क्षेत्र का विस्तार तेजी से होता है, और इस दौरान विनिर्माण पर पूरा ध्यान नहीं दिया जाता।